<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–20 जनवरी 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की एक सौ अट्ठारहवीं कड़ी में देशवासियों से साझा किये अपने विचार। महाकुंभ को बताया समता और समरसता का असाधारण संगम।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ नगर प्रयागराज में मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी को होने वाले स्नान की तैयारियों की ली जानकारी, दिये जरूरी निर्देश।
- महाकुंभ नगर प्रयागराज के सेक्टर उन्नीस में लगी आग। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घटना की दी जानकारी। बताया– नहीं हुयी है कोई जनहानि।
- महाकुंभ के लिये तीन दर्जन से अधिक विशेष रेलगाड़ियों का आज हो रहा है संचालन। जम्मू से प्रयागराज तक की विशेष बस सेवा की भी हुयी शुरूआत।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की एक सौ अट्ठारहवीं कड़ी में अपने विचारों को देशवासियों से साझा किया। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश में हो रहे कार्यो की चर्चा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत प्रखर वैज्ञानिकों और नवोन्मेषी वैज्ञानिकों की बदौलत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश की हाल की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि–

***कुछ दिन पहले हमारे वैज्ञानिकों ने space sector में ही एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। हमारे scientists us satellites dh space docking कराई है। जब अंतरिक्ष में दो spacecraft connect किए जाते हैं, तो, इस प्रक्रिया को Space Docking कहते हैं। यह तकनीक अंतरिक्ष में space station तक supply भेजने और crew mission के लिए अहम है। भारत ऐसा चौथा देश बना है, जिसने ये सफलता हासिल की है।***

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को 75वें गणतंत्र दिवस की भी अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीते दशकों में देश का लोकतंत्र सशक्त हुआ है।

प्रधानमंत्री ने पच्चीस जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व की भी चर्चा की। देश में निर्वाचन आयोग की स्थापना इसी दिन हुई थी।

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के महत्व का ज़िक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समता–समरसता का असाधारण संगम है।

***हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव नहीं, जातिवाद नहीं। इसमें भारत के दक्षिण से लोग आते हैं। भारत के पूर्व और पश्चिम से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब–अमीर सब एक हो जाते हैं सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं। कुंभ का आयोजन हमें ये भी बताता है की कैसे हमारी परंपराएँ पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती है।***

श्री मोदी ने महाकुंभ में युवाओं की व्यापक भागीदारी पर प्रसन्नता जाहिर की। कहा कि इससे उसकी जड़ें और अधिक मजबूत होती हैं।

प्रयागराज महाकुंभ में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को लाउडस्पीकर के जरिये सुना गया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल महाकुंभ नगर का दौरा कर मौनी अमावस्या और उसके बाद तीन फरवरी को होने वाले प्रमुख स्नानों की तैयारियों का जायजा लिया।एक रिपोर्ट–

***महाकुंभ के दौरान विशेष दिनों पर मुख्यमंत्री ने बेहतर भीड़ प्रबंधन के लिए पैंटून पुलों पर आवाजाही एक ही ओर से रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या पर, बसंत पंचमी पर पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया जाए। योगी आदित्यनाथ ने इस बात पर भी जोर दिया कि श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए और अधिकारियों को जरूरतमंदों की सक्रिय रूप से मदद करनी चाहिए। आने वाले दिनों में प्रयागराज में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित कई गणमान्य लोगों के आने की संभावना के मद्देनजर योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्बाध बिजली और पानी की आपूर्ति, शौचालयों के उचित रखरखाव और साफ सफाई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज***

इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए श्री योगी ने कहा कि महाकुंभ पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ जारी है। उन्होंने कहा कि–

***मौनी अमावस्या का स्नान उनतीस जनवरी को और वसंत पंचमी का तीन फरवरी को ये दो बड़े महास्नान हैं जो कुंभ की शोभा है। आज संगम तट पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं, संतों, कल्पवासियों और अन्य संस्थाओं से जुड़ी हुई पूरी संख्या को अगर हम देखेंगे***

***तो यह बढ़ कर के लगभग एक करोड़ ऐसी अधिक लोग आज के समय में यहाँ पर मौजूद है और उसके लिए पूरी तत्परता के साथ केंद्र और राज्य सरकार के सभी विभाग मिलकर के भव्य दिव्य और डिजिटल कुंभ की परिकल्पना को साकार करने के लिए और आधुनिकता के साथ जोड़ने के लिए कार्य हो रहा है।***

मुख्यमंत्री ने कल अलग अलग शिविरों का दौरा कर साधु संतों से मुलाकात की। इस बीच, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी कल पवित्र संगम पर आस्था की डुबकी लगाई।

**********

प्रयागराज में महाकुंभ नगर के सेक्टर 19 में कल कुछ टेंट में आग लग गई। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग लगने की घटना की पूरी जानकारी फोन पर ली। मुख्यमंत्री ने घटना स्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। श्री योगी ने कहा कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुयी है।

**********

रेलवे आज तीन दर्जन से अधिक महाकुंभ स्पेशल रेलगाड़ियों का संचालन कर रहा है। इनका विवरण रेल मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी किया गया है। जम्मू से प्रयागराज तक विशेष बस सेवा की भी शुरूआत की गई है। यह विशेष बस प्रतिदिन सवेरे पांच बजे जम्मू से चलेगी और रात भर प्रयागराज रुकने के बाद यात्रियों को वापस ले जायेगी। उत्तर रेलवे ने भी महाकुंभ मेले के लिए श्री माता वैष्णो देवी रेलवे स्टेशन, कटरा और प्रयागराज के बीच तीन विशेष रेलगाडियों की घोषणा की है।

**********

दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार की ओर से कल महाकुंभ नगर प्रयागराज में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि बार–बार चुनाव कराने से न केवल विकास कार्य बाधित होते हैं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था पर भी गहरा आधात पहुंचता है।

**********

महाकुंभ दो हजार पच्चीस देशभर के कारीगरों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। महाकुंभ नगर में संगम पर इस भव्य आयोजन में छह हजार वर्ग मीटर में **एक जिला, एक उत्पाद–ओडीओपी** की शानदार प्रदर्शनी लगाई गई है। एक रिपोर्ट–

***फिरोजाबाद की कालीन, जरी उत्पाद, कांच के खिलौने, वाराणसी के लकड़ी के खिलौने उत्पाद श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए प्रयागराज मंडल के उद्योग संयुक्त आयुक्त शरद टंडन ने बताया–***

***ये प्रदर्शनी ओडीओपी की लगभग छह हजार वर्गमीटर में स्थापित की गई है। यहां पर लगभग 140 स्टॉल लगाए गए हैं, जिसमें विभिन्न शिल्पियों द्वारा और उद्योग द्वारा और स्टार्टअप द्वारा और एमएसएमई द्वारा अपने उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री का कार्य किया जा रहा है। प्रति दिन यहां पर लगभग एक लाख लोगों का आगमन होता है।***

***महाकुंभ 2025 न सिर्फ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत कर रहा है बल्कि उद्यमियों के लिए एक विशाल मंच भी बन गया है। इस बार चल रहे महाकुंभ मेले में ऐसे उत्पादों का कारोबार 45 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में सुबह के कोहरे के बाद मौसम साफ रहने और धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिली है। पूर्वी जिलों में पछुआ हवाओं के चलते कल तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गयी। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन–चार दिन तक सुबह कोहरे के बाद मौसम साफ रहेगा।

**********